Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 01-06-2022 अंक 242

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## जरहिया की आंगनबाड़ी सेविका कंचन कुमारी ने पाई जेपीएससी में सफलता, बधाइयों का लगा तांता

### हज़ारीबाग़ में रहकर अपने बच्चों को गाइड भी की और खुद भी की तैयारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कंचन कुमारी



कंचन कुमारी को स्वागत करते सामाजिक कार्यकर्ता

यदि हौसला हो बुलन्द और मन मे दृढ इच्छाशक्ति हो तो सफलता कदम चूमती है। इस कहावत को चरितार्थ किया है बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के जरहिया निवासी आंगनबाड़ी सेविका कंचन कुमारी ने। कंचन ने दूसरी ही प्रयास में जेपीएससी में सफलता प्राप्त की है। इन्होंने 145 वां रैंक लाकर न केवल अपने गांव बल्कि पूरे बरही क्षेत्र का नाम रौशन किया है । कंचन आंगनबाड़ी सेविका रहने के बाद भी अपनी तैयारी जारी रखा। कोरोनाकाल मे जारी लॉक डाउन का पूरा उपयोग करते हुए जेपीएससी की तैयारी की और अंतिम रूप से जारी परीक्षा परिणाम में सफलता हासिल की। उनकी प्रारंभिक एवं उच्च शिक्षा हज़ारीबाग़ से हुई। उन्होंने बताया कि नौंवी क्लास में ही उनकी शादी हो गई थी। शादी कर गांव आने के बाद उन्होंने अपने पति उमेश गोप एवं ससुराल वालों के समक्ष आगे पढ़ाई करने की इच्छा जताई। उनकी भावना का सम्मान करते हुए आगे पढ़ाई जारी रखने के लिए सभी का सहयोग मिला। हज़ारीबाग़ में न केवल अपने बच्चों को रखकर बच्चों की पढ़ाई करवाई बल्कि खुद भी जेपीएससी की तैयारी की। जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुकुल के जेपी जैन एवं संजय जी के साथ साथ अपने ससुराल वालों को दी , जिन्होंने हमेशा उनका गाइड करते रहा और सपोर्ट करते रहा। पूरे बरही प्रखंड में एक मात्र महिला कंचन कुमारी ने सफलता प्राप्त की। उनकी सफलता की सूचना जैसे ही लोगों को मिली। बरही के सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद सहित पंचायत प्रतिनिधि उन्हें बधाई देने के लिए उनके घर पहुं. चने लगे हैं। बुधवार को आरएनवाईएम कॉलेज के सचिव सह समाजसेवी परमेश्वर गोप, प्रो संजय वर्णवाल, प्रो हिरामन साहू, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, मुखिया नीलम देवी, हरेंद्र गोप, मंटू यादव आदि पहुंचकर बुके देकर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। उनके सफलता पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, एसडीपीओ नाजीर अख्तर, डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्रसाद केशरी, बिनोद यादव, अब्दुल मनान वारसी, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बधाई दी है।

## पोकलेन मशीन पलटने से केदारूत युवक का छत्तीसगढ़ में हुई मौत, घर में पसरा मातम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत निवासी विक्की भुइयां पिता स्व लखन भुइयां की मौत बीते सोमवार को छत्तीसगढ़ में पोकलेन मशीन पलटने से हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विक्की घर का इकलौता बेटा था वहीं विक्की के पिता का मृत्यु तीन साल पहले हो गई थी जिसके कारण घर के परिवारों का सारा भरण पोषण विक्की को ही करना पड़ रहा था। विक्की एक महीना पहले गांव से छत्तीसगढ़ के सिंगरोली के आर जे एस पी कंपनी में ऑपरेटर के रूप में काम करने गया था। जहां सोमवार रात में पोकलेन को ट्रेलर पर चढ़ाने के दौरान मशीन पलट गया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं बुधवार को मृतक विक्की का शव केदारूत पहुंचा शव को पहुंचते ही गांव में मातम पसर गया। बुधवार को मृतक का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया गया। विक्की अपने पीछे अपनी मां और एक छोटी बहन को छोड़ गया है, जहां अब इनका कोई सहारा नहीं है। वहीं कांग्रेस जिला महासचिव बिनोद यादव ने बताया की विक्की घर का इकलौता बेटा था जो काफी मेहनती और होनहार था, जो पोकलेन चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था मैं इसका से काफी मर्माहत हूं । साथ ही साथ उन्होंने कंपनी के अधिकारियों से कहा की मृतक के परिवार को भरण पोषण के लिए पांच लाख का मुआवजा मिले नही तो कानून का सहारा लिया जाएगा। मौके पर वार्ड सदस्य रिंकू भुइयां, तापेश्वर भुइयां, प्यारी भुइयां, विजय भुइयां, टुकन भुइयां, कैलाश भुइयां, बाज़ो साव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## नाबालिग युवती ने किया विषपान, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत गौरीयाकरमा पंचायत की एक नाबालिग युवती ने विषपान कर लिया। जिससे वह गंभीर हो गई। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## मजदूर का बेटा जेपीएससी में हुआ सफल जेपीएससी में 151वां रैंक लायारामजी कुमार ने गांव समेत पुरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा : सफलता संसाधन का मोहताज नही होता है यही कारनामा कर दिखाया बरकट्ठा प्रखंड के मजदूर के एक बेटे छोटे से गांव बसरिया के लाल रामजी कुमार ने उन्होंने 7जी जेपीएससी में 151वां रैंक लाकर शिक्षा विभाग में डीईओ के पद पर परचम लहराया है इन्होंने अपने गांव समेत पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है इनके पिता का नाम केदार महतो है जो पेशे से एक मजदूर किसान है तथा मुंबई में दैनिक मजदूरी का काम करते हैं इनकी स्कूली शिक्षा गांव के ही उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसरिया से, माध्यमिक शिक्षा राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा से तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा 2013 में इंटर साइंस क०लेज हजारीबाग से तथा स्नातक की परीक्षा 2016 में हजारीबाग से ही प्राप्त किए , जेपीएससी की तैयारी चाणक्य आईएएस एकेडमी हजारीबाग तथा दिल्ली से किए इनके इस सफलता से गांव समेत पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है रामजी कुमार हर एक युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बन गया है इनके इस उपलब्धि पर गांव समेत क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों तथा शिक्षकों ने भव्य स्वागत किये तथा गाजे–बाजे के साथ पूरे गांव का भ्रमण कराया गया, मौके पर विधायक अमित कुमार यादव जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी, नवनिर्वाचित मुखिया कमल प्रसाद ,वार्ड सदस्य प्रतिनिधि छोटी रविदास, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, पूर्व वार्ड सदस्य रीतलाल प्रसाद, मुखिया प्रत्याशी प्रदीप मंडल, दिलीप मंडल मनोज कुमार, छोटी प्रसाद संजय सिंह बजरंग मंडल ,मंटू प्रसाद शिक्षक छत्रु प्रसाद, मो रियाजुद्दीन समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जनप्रतिनिधियों ने जेपीएससी परीक्षा में सफलता पाने वाली कंचन को पुष्पगुच्छ देकर किया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के जरहिया निवासी उमेश प्रसाद गोप की धर्मपत्नी कंचन कुमारी ने जेपीएससी पिछले तीन वर्षो से आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका के रूप में पदस्थापित थी। जिन्होंने कड़ी मेहनत और लगन के साथ उन्होंने जेपीएससी की तैयारी की। जिसका परिणाम यह हुआ कि उन्होंने राज्य भर में 145 वां स्थान प्राप्त किया। इस बात की जानक. ारी मिलते ही पंचमाधव में खुशी का लहर फैल गया। वहीं बुधवार को उनके आवास पर बधाई देने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों का तांता लगा रहा।इसी क्रम में भाजपा जिलाउपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने भी उनके आवास पर उनको पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित के साथ उज्जवल भविष्य का कामना किया। साथ ही साथ उन्होंने कहा की यह बरही के लिए बहुत ही गौरव की बात है की कंचन कुमारी ने घर का सारा काम संभालते हुए जेपीएससी परीक्षा में 145 वाँ स्थान प्राप्त किया। इनसे प्रखंड के सभी मर्ि. हलाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए । मौके पर स्थानीय मुखिया नीलम देवी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, नागेश्वर रजक, सिकंदर प्रजापति सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## पारा शिक्षिका वीना कुमारी का पुत्र आर्यन का जेपीएससी में सफल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के बेडोकला पंचायत अंतर्गत चांदगढ़ विद्यालय के सहायक अध्यापिका(पारा शिक्षिका)वीना कुमारी पति सियाराम महतो का पुत्र अजय आर्यन का चयन 7 जेपीएससी डीएसपी पद पर हुआ है। इन्होंने 216वां रेंट ला कर पूरा बरकट्ठा क्षेत्र का नाम रोशन किया। इनकी प्रारंभिक पढ़ाई और मैट्रिक कोडरमा से हुई, ईंटर रांची से, ग्रेजुएशन दिल्ली से तथा वहीं पर रखकर जेपीएससी का तैयारी किया। यह अपना आदर्श मम्मी पापा और शिक्षक को मांगते हैं। इनको मम्मी पापा से प्रेरणा मिला। यह दो भाई और एक बहन होते हैं।इनके पिता सियाराम माता बोकारो में सिपाही पद पर कार्यरत हैं।कठिन मेहनत और परिश्रम करके इन्होंने यह रैंक प्राप्त किया है। बेड़ोंकला पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया रिंकी पांडेय के पति देवेंद्र पांडेय उनका घर पहुंच कर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दिया ।वही देवेंद्र पांडेय ने कहा इस प्रकार से चयन होने से क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।विद्यार्थियों को चाहिए कि इसी प्रकार से मेहनत कर मां बाप के साथ क्षेत्र का नाम रोशन करें वही इनकी सफलता पर शिक्षक मो रियाजुद्दीन ने आर्यन को बधाई दी ।

## विष्णुगढ़ में श्रृंगार स्टोर में भीषण आग लगी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




विष्णुगढ़ पंचायत स्थित गोला चौक के पास बुधवार की शाम जावेद श्रृंगार स्टोर में भीषण आग लग गई। आगजनी में लाखों रुपए के क०स्मेटिक सामान के अलावा अन्य कई सामान जलकर खाक हो गए। आग लगने का कारण बिजली का शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने पर स्थानीय लोगों ने आग को काबू करने में काफी मेहनत की। आगजनी की सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई। घनी आबादी के बीच दुकान में आग लग जाने पर बड़ी संख्या में लोग जुटे और आसपास के अन्य दुकानों एवं मकानों को चपेट में आने से बचाया।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## करंट लगने से एनपीएस करगाइयो के सहायक अध्यापक अशोक पंडित की मौत, शोक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

कोल्हुकला पंचायत के करगाइयो निवासी एवं नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के सचिव सहायक अध्यापक 45 वर्षीय अशोक पंडित की मौत करंट लगने से हो गई। जानकारी के मुताबिक वे अपने घर मे लाइन ठीक कर रहे थे। इसी बीच नंगा तार के चपेट में आने से उन्हें करंट लग गया। तत्काल उन्हें कोडरमा ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन के समाचार के बाद पूरे शिक्षक समुदाय में शोक की लहर दौड़ गयी। अशोक पंडित सहायक अध्यापक शिक्षक संघ के सीआरसी अध्यक्ष थे। एनपीएस



अशोक पंडित

करगाइयो के विकास के लिए पिछले 20 सालों से कार्यरत रहते हुए कई काम किए। इधर प्रजापति समाज ने भी अशोक पंडित की आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। शोक प्रकट करने वालो में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, डॉ अनिल कुमार, कपिल केशरी, बीईओ अरुण कुमार शर्मा, संजय दुबे, मनोज घोष, दीनानाथ यादव, मनोज पंडित, उषा राम, रेखा कुमारी, संध्या कुमारी, अरुण कुमार, अयोध्या प्रजा. पति, तोखन प्रजापति, संतोष प्रजा. पति, अरुण प्रजापति, गोपाल पंडित, दिनेश कुमार, नरेश प्रजापति, परमेश्वर प्रजापति, शिव प्रजापति, कृ ष्णा प्रजापति, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, रघुवीर यादव, नसरीन बनो, सरोज देवी, कुंती देवी, राजेन्द्र केशरी, सुरेश रजक आदि शामिल हैं।

## जन समस्याओं को लेकर राजकेशरी कंपनी के प्लांट गेट में विधायक ने जडा ताला

### कंपनी की लापरवाही से अबतक दर्जनों लोग मौत के काल में समा गए राजकेशरी लोगों को बेवकूफ बना रही है। विधायक अमित कुमार यादव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



एनएच दो सिक्स लेन चौडीकरण कार्य करा रही कंपनी की लापरवाही और जनसमस्याओं को लेकर विधायक अमित कुमार यादव ने बरकट्ठा के कोषमा स्थित राजकेशरी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के प्लांट गेट में ताला जडा गया। जहां काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में विधायक ने कहा की कंपनी की लापरवाही के कारण अबतक दर्जनों लोग अपनी जान गवां चुके हैं। सुरक्षा मानक को धता बताते हुए राजकेशरी कंपनी काम कर रही है। बरकट्ठा में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य वर्षों से बंद पडा है। रोड में गड्ढे खोदकर छोड दिया गया है। जिससे दुर्घटना होने की सम्भावना हमेसा बनी रहती है।विधायक ने कहा की कंपनी की लापरवाही के कारण बिते वर्ष अक्टूबर माह में गोरहर के समीप जीटी रोड़ पर कपका के दो युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जिसके बाद कंपनी ने अबतक आश्रित परिवार को मुआवजा नहीं दिया। मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी, सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र नायक, मुखिया कमल प्रसाद, संजय यादव, महादेव यादव, रीतलाल प्रसाद, महेंद्र प्रसाद,पवन कुमार, राजकुमार यादव, दिलीप प्रसाद,बसंत राम, रामजी मंडल,बीरु मेहता,विजय मोदी, श्रीकांत पांडेय, सीताराम प्रसाद,समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ दो जिप सदस्य तथा 16 पंचायतों के मुखिया घोषित

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



वष्णुगढ़ प्रखंड के 24 पंचायतों में लगभग 16 पंचायतों के मुखिया एवं पंसस सदस्यों के जीत की औपचारिक घोषणा कर दी गई है। इसके अलावा जिला परिषद में दो सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। विष्णुगढ़ पश्चिमी से दीपिका कुमारी 11184 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्धंदी गंगिया देवी से 632 वोटों से जीत हासिल की है। वहीं, विष्णुगढ़ मध्य सीट से शेख तैयब रिकार्ड मतों से चुनाव जीत गए हैं। विष्णुगढ़ पूर्वी जिप सदस्य सीट की मतगणना जारी है। खरना पंचायत से मुखिया निर्मला देवी जीत गई हैं। इन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्धंदी तारा देवी को 225 मतों अंतर से हराया है। भेलवारा पंचायत से लक्ष्मी देवी ने अपने निक. टतम प्रतिद्धंदी तारा देवी को 203 मतों से पराजित किया है। पंसस में अजय मंडल जीते हैं। गोविंदपुर पंचायत से रीता कुमारी मुखिया पद पर निर्वाचित हुई हैं। वहीं, कुसुंभा पंचायत से दुलारचंद पटेल मुखिया एवं कैलाश पटेल पंसस में जीत गए हैं। नवादा पंचायत से मुखिया पद पर कनीजा खातून 610 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्धंदी शबाना खातून से 122 मतों के अंतर से विजयी रही है। वहीं, पंसस में इबरार अंसारी जीते हैं। बकसपुरा पंचायत से ननकू महतो 521 मत प्राप्त कर राजेश कुमार को 75 वोटों से हराया है। पंसस में उमा देवी विजयी रही है। विष्णुगढ़ पंचायत से पूनम कुमारी दास 1164 वोट प्राप्त कर चंदा देवी को 226 वोटों से शिकस्त दी है। चेडरा पंचायत से मुखिया में निर्मल कुमार 1015 वोट प्राप्त कर गौतम भारती को 208 मतों से पराजित किया है। वहीं, पंसस में मुन्नी देवी अपने प्रतिद्धंदी कुंदन मिश्रा से नजदीकी मुकाबले में जीत हासिल की है। बेड़ा हरियारा पंचायत में मुखिया में रामचंद्र यादव 657 मत प्राप्त कर अनुज सिन्हा को 63 मतों से शिकस्त दी है। गैड़ा पंचायत से आशा देवी 1338 वोट प्राप्त कर जैबून खातून को 638 मतों से हराया है। पंसस में महताब हुसैन को जीत हासिल हुई है। अलपीटो पंचायत से सुमिता देवी 1208 मत हासिल कर बेबी देवी से 222 मतों से विजयी रही है। पंसस में घनश्याम पाठक तथा भीखन रविदास को जीत मिली है। बरांय में मुखिया में राजेन्द्र मंडल ने अब्दुल कलाम 25 वोटों से हराया है। पंसस बेलाल अंसारी तथा मनोज मंडल जीते हैं। सिरैय हेमंती देवी 608 मत प्राप्त कर जयंती कुमारी से 13 वोटों से जीती है। पंसस में अंजनी देवी जीती है। अचलजामो में कलावती देवी 702 वोट प्राप्त कर बेबी कुमारी को 305 वोट से हराया है। पंसस में अमिता देवी चुनाव जीत गई है। करगालो में मोतीलाल महतो 765 वोट प्राप्त कर जितेन्द्र महतो से 145 वोट के अंतर से जीते हैं। शेष पंचायतों की मतगणना समाचार लिखे जाने तक जारी थी।

## किसान आन्दोलन को लेकर आवाज़ उठाई भाकपा माले ने

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला मेंआंदोलन करो और मुकदमा झेलो और जेल जाव वर्तमान और पहले की सरकार का यही हथकंडा है,ऐसी स्थिती डूबने वाली है अभी भी मौका है गंभीरता से ले सरकार– जब किसान आन्दोलन के साथ थी अन्य दलों के साथ सत्ता पार्टी भी तो अचानक दूरी का कारण क्या है? उक्त बातें भाकपा माले नेता सह गिरिडीह विधान सभा प्रभारी क०मरेड राजेश सिन्हा ने मीडिया के माध्यम से कही। किसानों की एक छोटी जायज मांग थी, रजिस्टर्ड टू की नकल की क०पी का डिमांड,ज्ञात हो कई आंदोलन हुए संबंधित अधिकारी को कर देना चाहिए था मांग,लेकिन रजिस्टर्ड टू के माध्यम से ही जमीन की हेराफेरी होती आ रही है,बड़े बड़े नेता,भु माफिया,कुछ लुट्खोर अधिकारी और सं. बंधित सरकारी गैर,सरकारी कर्मी इसी के बल बूते मोटी कमाई कर रहे है,उनको इस मांग से परेशानी होती है इसलिए वह अपना फॉल्स पावर दिखाते है,जो अल्पकाल का पावर होता है,इससे उनको बदनामी होती है किंतु लूट वाली कमाई के सामने उनकी बदनामी हो कोई फर्क नही पड़ता है।ज्ञात हो किसान महासभा ने जब बगोदर विधायक के नाम ज्ञापन माले के विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा को दिया था,उसके बाद उस समय के उपायुक्त राहुल सिन्हा से घंटो बैठक के बाद 700 आवेदन में लगभग 300 आवेदन का निष्पादन करवाया था,उस बैठक में माले नेता राजेश सिन्हा, किसान सभा के अध्यक्ष अवधेश सिंह,संरक्षक अजीत सिन्हा थे उस समय के उपायुक्त श्री सिन्हा के साथ घंटो बैठक के बाद निष्पादन शुरू हुआ,जैसे वह गए फिर से भु –माफियाओं रजिस्टर्ड टू के नाम पर कमाने वाले कर्मी हावी हो गए।आंदोलनकारियो को प्रशासन नहीं फसा रहा है इसके पीछे के जड़ में है भूमाफिया चुकि कई 50: रजिस्टर्ड टु का पेज फड़वा दिया गया है माफिया हावी है,सरकार के लोग मौन है चुकि पुरानी और नई सरकार के समर्थक लोग इस साजिस में डायरेक्ट इन्वोल्भ है।श्री सिन्हा ने कहा कि आम जनता जबतक आंदोलन को दिल से नहीं जोड़ेंगे उनके नेता फर्जी मुकदमा झेलते रहेंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि जनवरी में मजदूर सद्दाम के लिए भी माले ने आंदोलन किया था,उसपर भी सत्ता के लोगो के इशारे पर फर्जी मुकदमा का इस्तेमाल किया गया है,ऐसी नीतियों का भाकपा माले जमकर विरोध करता है,और प्रशासन से मांग करता है सरकार के प्रति. निधि से माँग करता है कि झरने के जैसे गिरना सिख ले जिससे खूबसूरती झलकती है,सुकून मिलता है,फर्जी पैसे कमाने के चक्कर में गरीबो का हाय, उलटकर उल्टा लुटेरो पर न पड़ जाए, माले घूसखोर का पर्दाफास करेगा।

## अवैध बालू उठाव को लेकर छापेमारी करने गई टीम पर पथराव, चार ट्रैक्टर समेत 5 लोग गिरफ्तार

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गावां थाना क्षेत्र के सेरुआ में अवैध बालू उठाव को लेकर छापेमारी करने गई टीम पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया जिसमें कई पुलिस कर्मियों के घायल होने की सूचना हैं। वहीं इस मामले चार ट्रैक्टर समेत पांच ग्रामीणों को हिरासत में लिया गया है। उसके बाद टीम ने प्रखंड के अन्य नदी घाटों पर भी छापामारी कर रही है जिससे अवैध बालू कारोबारियों मे हड़कम्प मच गया है। जानकारी के अनुसार गिरिडीह डीएमओ सतीश नायक एवं एएसपी हारिश बिन जमां के नेतृत्व में अवैध बालू उठाव के खिलाफ पुलिस की स्पेशल टीम ने सेरुआ बेन्ड्रो नदी घाट पर बुधवार सुबह छापेमारी की गई जिसमे मौके से 3 बालू लोड और एक खाली ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया। बताया गया कि दबोचे गये ट्रैक्टरों को लेकर जब टीम वापस लौट रही थी तभी सेरुआ मंदिर के पास ग्रामीणों ने टीम को घेर लिया और जब्त किये गए वाहनों को छोड़ने की मांग करने लगे। जब टीम में शामिल सदस्य वाहनों को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हुए तो ग्रामीण महिलायें उग्र हो गयी व टीम पर पथराव कर दिया जिसमे पत्थर लगने से कई पु. लिसकर्मी को चोट लगी और घायल हो गए। इस सम्बंध में एएसपी हा. रिश बिन जमां ने कहा कि पथराव की घटना के बाद स्थिति नियंत्रण में है। आगे जांच पड़ताल की जा रही है।

## अनिकेत कुमार नायक का गांव वालों ने गर्मजोशी से स्वागत किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : चेपाकला पंचायत से मुखिया पद के लिए नवनिर्वाचित 25 वर्षीय बीसीए पास युवक अनिकेत कुमार नायक ने अपने परिणाम से पंचायत के ही नहीं बल्कि प्रखंड के तमाम लोगों को लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। अनिकेत का चेपा कला पंचायत गांव पहुंचने के बाद गांव वालों ने माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर अनिकेत कुमार नायक ने कहा कि पंचायती राज को पंचायत भवन में स्थापित करना हमारा मुख्य प्राथ. मिकता है सभी गांव के विकास के लिए मैं कृत संकल्पित हूं । पंचायत के तमाम मतदाताओं का मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। मौके पर उपस्थित लोगों में खेमानी साव, रूद्रनारायण महतो,लटन नायक, बिनोद कुमार, कृ ष्णा गंझू, सागर करमाली, छोटू कुमार के अलावा दर्जनों उपस्थित थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## किसान मोर्चा गिरिडीह अंबेडकर चौक पहुंचे आत्मदाह करने

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह मुख्यालय के पास स्थित टॉवर चौक पर किसान मोर्चा द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन में पुलिस प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच तू तू मैं मैं होते होते मामला बिगड़ गया और पुलिस को बल का प्रयोग करना पडा था और कई को गिरफतार किया गया था मानो कुछ देर के लिए टावर चौक मानो रणक्षेत्र बन गया था साथ ही भगदड़ सी मच गई थीं। आने जानें वाले लोग समझ ही नहीं पा रहे थे कि आख़रि मामला क्या है आख़रि गिरिडीह में हो क्या रहा है। कल किसान मोर्चा वालों ने कहा था कि मांगे पूरी नही हुई तो बुधवार को आत्मदाह करेंगे। किसान मोर्चा की मुख्य मांग है रजिस्टर टू से संबंधित दस्तावेज उपल्ब्ध करवाया जाय और किसान मोर्चा नेता अवधेश सिंह को जेल से रिहा किया जाय। मांग पूरी नही होने पर आज बुधवार को किसान मोर्चा वाले आत्मदाह करने अम्बेडकर चौक पहूंचे। सुचना पाकर नगर थाना प्रभारी स्थल पर पहुंचे और समझाने बुझाने का प्रयास किया मगर उग्र किसान कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। मामले को बिगड़ता देख एसडीपीओ अनिल सिंह, एसडीएम विशालदिप खलको डीएसपी संजय राणा पहुंचे और किसान मोर्चा से वार्ता की। कल किए वादे को पूरा नहीं करने की बात पर किसानों ने उग्र रूप अख्तियार कर लिया तो पुलिस को बल प्रयोग करना पडा। काफी मशक्कत के बाद उग्र प्रदर्शन करने वाले किसानों पर काबू पाया गया। कुछ देर के लिए पुलिस अधिक.ारी के निर्देश पर मीडिया कर्मियों का मोबाइल जब्त कर लिया गया जो कि मामला शांत होने पर वापस कर दी गई।

## मातृत्व स्वास्थ्य एवं शिशु सुरक्षा को ले दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां में बुधवार को मातृत्व स्वास्थ्य एवं शिशु सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी काली दास मुर्मू यूनिसेफ सपोर्टेड स्कूल हेल्थ प्रोग्राम कार्यकर्ता धनंजय त्रिवेदी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चन्द्रमोहन कुमार एवं बीपीएम प्रमोद बरनवाल, विलियम जेकब उपस्थित थे। प्रशिक्षण शिविर में यूनिसेफ सपोर्टेड स्कूल हेल्थ प्रोग्राम कार्यकर्ता धनंजय त्रिवेदी द्वारा गर्भवती महिलाओं का देखरेख, प्रसव संबन्धी सुरक्षा एवं सावधानियां, बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, मासिक प्रतिवेदन की एएनएम वार समीक्षा को तैयार कर भेजने की विधि एनसीपी कार्ड एवं विटामिन ए का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर डॉ काली दास मुर्मू ने कहा कि इसके पूर्व भी सीएचसी आकर की जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया था। जिसमे प्राप्त त्रुटियों को देखते हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। मौके पर बीडीएम गंगा राणा, बीटीएम उषा देवी, राजेदा खातून, शिशिर उपाध्याय, सभी एएनएम व सहिया साथीगण उपस्थित रहे।

## बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद से यासमीन निशा ने जीत हांसिल की

### यह जीत आम जनता की है जिस पर मैं खरा उतरने का भरपूर प्रयास करुंगी : यासमीन निशा

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद सीट से मून्नडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम की पत्नी यासमीन निशा ने कैलाश साव की पत्नी कौलेश्वरी देवी को 968 मतों से जीत दर्ज की है। यासमीन निशा ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत आम जनता की जीत है जनता जिस विश्वास के साथ वोट दिया है। जनता के विश्वास पर पूर्ण रूप से खरा उतरने का प्रयास करुंगी। प्रत्याशियों ने कितना मत प्राप्त किया । यासमीन निशा 4796 मत , कुलेश्वरी देवी 3828 मत, यशोदा देवी 3717 मत, चौथे स्थान पर 3608 शीला देवी, पांचवें स्थान पर 2145 मत सुमित्रा देवी, छठे स्थान पर 1601 मत मोनिका गुप्ता को , सातवें स्थान पर 1600 मीना देवी को, आठवें स्थान पर 1550 मत सुशीला देवी, नौवें स्थान पर 1001 मत सुषमा ठाकुर, दसवें स्थान पर 604 मत अंजली कुमारी, ग्यारवें स्थान पर 583 मत रेखा देवी एवं 12वीं 246 रीता देवी ने प्राप्त किए।

APEM LIVE

## बिरजू तिवारी उर्फ बुल्डोजर बाबा का मोबाइल मिस्त्री से जिला परिषद तक का अजब है सफर

### बिरजू के टार्च से रौशन होगा कान्हाचट्टी, जनता ने दिया रिकार्ड जनादेश

### बुल्डोजर बाबा ने प्रदेश भर में सबसे ज्यादा मत लाने का बनाया रिकार्ड





**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

बुधवार को नव निर्वाचित जिला परिषद सदस्य कान्हाचट्टी बिरजू तिवारी उर्फ बुल्डोजर बाबा ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ–साथ विरोधियों का भी आभार जताया । बुल्डोजर बाबा ने कहा की मैं किसी एक जात नहीं,व्यक्ति नहीं जमात ने जनमत देकर प्रतिनिधित्व का मौका दिया है।मैं पक्ष विपक्ष सभी का आभार ब्यक्त करता हूँ।बुल्डोजर बाबा ने बुधवार को माँ भद्रकाली में सबके पहले पूजा अर्चना की।उसके बाद कान्हाचट्टी के शायल बगीचे,वनखण्डी मंदिर, चिल्हिया में बजरंग बली मंदिर,सिमरडीह में देवी मंडप सहित दर्जनों मंदिरों में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया।श्री तिवारी ने कहा कि प्रखण्ड की जनता ने जिस तरह से हम पर विश्वास जताया है और भारी मतों से जीत दिलाई है मैं प्रखण्ड वासीयो के सुख दुःख में हमेशा साथ हूँ और रहूंगा भी।उन्होंने कहा कि अब मेरा ध्यान जीप उपाध्यक्ष के लिए है जिसके लिए मैं प्रयास कर रहा हूँ।बुधवार को कान्हाचट्टी एवं राजपुर बाजार में बुल्डोजर बाबा के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर गले लगे और एक दुसरे को बधाई दिया।

**कौन है बुल्डोजर बाबा** :–बुल्डोजर बाबा कान्हाचट्टी में ही नहीं पूरे चतरा जिले में बिरजू तिवारी को ही कहते हैं चुकी बिरजू तिवारी के कान्हाचट्टी प्रखण्ड में जिस तरह से चुनाव के पूर्व ही लोगो ने कह दिया था कि यू पी के बुल्डोजर बाबा जैसे कान्हाचट्टी में भी बिरजू तिवारी उर्फ बुल्डोजर बाबा सभी को चुनाव मैदान से साफ कर देंगे।और आखिर सभी प्रतिद्वन्दियो का सुफड़ा साफ कर ही दिया।

**बिरजू तिवारी उर्फ बुल्डोजर बाबा का मोबाइल मिस्त्री से जीप सदस्य तक का सफर** :–बिरजू तिवारी मूल रूप से राजपुर पंचायत के तिवारीडीह(डंगराड़ीह) के निवासी हैं।बिरजू सबसे पहले मोबाइल का मिस्त्री थे जो चयरा में मोबाइल का दुकान चलाते थे लेकिन बिरजू के किस्मत में राजयोग लिखा था बिरजू ने पांच सात साल पहले ही मोबाइल दुकान छोड़ कर राजनीति में कदम रखा और आज कान्हाचट्टी के जिला परिषद के सीट पर जीत दर्ज की।

**बिरजू उर्फ बुल्डोजर बाबा को लोगो ने दी बधाई** :–जिला परिषद की सीट पर जीत दर्ज करने के बाद बिरजू को प्रखण्ड ही नहीं जिला वासियो ने भी बधाई दी है।बधाई देने वालो में सतीश सिंह,प्रकाश राम,विवेक सिंह,मिथलेश सिंह,प्रकाश यादव,चतरा से पंकज दुबे,गुड्डू दुब्बे,प्रेम दाँगी,अनिल केशरी,बबलू केशरी उपमुखिया,रतन सिंह,सहित सैकड़ों लोगों का नाम शामिल है।

## बड़कागांव पश्चिमी पंचायत से रंजीत कुमार ने महज 4 वोट से जीतकर मुखिया बने

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



रंजीत कुमार एवं उपस्थित अन्य समर्थक

पश्चिमी पंचायत से मुखिया पद के लिए काफी हॉट सीट रहा मतगणना में मुखिया प्रत्याशी रंजीत कुमार ने अपने प्रतिद्वंदी लालमणि महतो को महज 4 मतों से हराकर जीत की पगड़ी अपने सर पर पहना। मतगणना में हमेशा दोनों ने कड़ी टक्कर रही ,परंतु वार्ड नंबर 11 की बैलट ब०क्स ने रंजीत महतो की किस्मत का ताला ही खोल दिया और महज 4 वोटों से जीत कर बड़कागांव पश्चिम पंचायत के नए मुखिया बने। प्रतिद्वंदी लालमणि महतो ने रंजीत की विजय पर उसे बधाई दी है एवं कहा रंजीत मेरा छोटा भाई है पंचायत के विकास में मैं हमेशा उनका सहयोग करूंगा। वही मुखिया रंजीत कुमार ने कहा कि यह जीत मेरी नहीं बल्कि पंचायत की तमाम जनता की है । पंचायत के तमाम प्रबुद्ध लोगों के सहयोग से पंचायत में बेहतर से बेहतर काम करने का प्रयास होगा। जीत हासिल करने के पश्चात रंजीत ने कंडाबेर माता स्थान में अपने परिवार के संग पूजा अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

